कार्य का नामः– जनपद पिथौरागढ़ में छड़नदेव न्वाली मोटर मार्ग से रुनड़ा तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 2.000 कि0मी0)।

प्रस्तावित कार्य हेतु वनभूमि के मांग का पूर्ण औचित्य

वर्तमान में ग्राम **गांव गाजरी, रुनड़ा गांव** की लगभग 412 जनसंख्या को अपने दैनिक उपभोग की सामाग्री प्राप्त करने के लिये 3.00 से 5.00 कि0मी0 पैदल पहाडी विषम रास्तों से चलकर जाना पडता है क्योंकि उन गांवों को जोडने हेतु कोई मोटर मार्ग नही है। निकटस्थ मोटर मार्ग की दूरी 2 कि0मी0 होने के कारण गांव में किसी के बीमार होने पर कठिन रास्तों से डोली या कंधे में मरीज को लाने तथा मोटर मार्ग से चिकित्सालय तक पहुंचने में अत्यन्त देरी होती है जिस कारण अनेक लोग हर रोज खतरों में जीवन यापन कर रहे हैं।

यह क्षेत्र मोटर मार्ग से जुडा हुआ नही होने के कारण पिछडा हुआ है। ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय खेती बाडी एवं भेड़पालन है। अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचने में ग्रामीणों को पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों से जाने आने में प्रतिदिन कठिनाईयों का सामना करना पडता है। इस क्षेत्र के प्रमुख उपज आम, धान व जडी–बूटियां है जिनके बाजार में अच्छे दाम प्राप्त होते हैं, किन्तु मोटर मार्ग के अभाव में यह संभव नही हो पा रहा है।

इस मार्ग में आ रही न्यूनतम वनभूमि 1.8435 हे0 के हस्तान्तरण हेतु यह प्रस्ताव गठित किया जा रहा है। विस्तृत सर्वेक्षण के उपरान्त प्रस्तावित संरेखन के अलावा अन्य कोई सरलतम मार्ग नही होने के कारण इस संरेखन के अलावा अन्य किसी संरेखन में इससे कम वनभूमि एवं कम वृक्ष नही आ रहे हैं। मोटर मार्ग की कुल चौडाई 9.00 मी0 ली गई है एवं 7.00 मी में वृक्षों की गणना की गई है। मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया है एवं उनके द्वारा मोटर मार्ग बनाया जाना उचित पाया गया है। इस मार्ग में कोई एतिहासिक भवन, राष्ट्रीय संरक्षित क्षेत्र, धार्मिक भवन एवं कब्रिस्तान नही पड़ रहे हैं।

इस मोटर मार्ग के बनने से ग्रामीणों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में वृद्वि होने से पहाडों से लोगों के पलायन को रोका जा सकेगा एवं पर्वतीय उपयोगी उत्पाद प्राप्त होंगे।

उक्त परिपेक्ष्य में क्षेत्रीय जनता की सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु इस मोटर मार्ग का बनाया जाना अतयन्त आवश्यक है। अतः कुल 1.8435 हे0 वनभूमि प्रत्यावर्तन के लिये यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,
अस्कोट(पिथौरागढ़)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अस्कोट(पिथौरागढ़)

क्षेत्रीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़